# प्रीलिम्स फैक्ट्स: 25 अप्रैल, 2019

drishtiias.com/hindi/current-affairs-news-analysis-editorials/prelims-facts/25-04-2019/print

## मार्सक्वेक

हाल ही में नासा के मार्स इनसाइट लैंडर ने पहली बार मंगल ग्रह पर 'मार्सक्वेक' (पृथ्वी पर भूकंप की तरह) के झटके को मापा और रिकॉर्ड किया है।

- लैंडर के आंतरिक संरचना भूकंपीय प्रयोग (Seismic Experiment for Interior Structure-SEIS) तंत्र ने एक बहुत हल्के भूकंपीय संकेत का पता लगाया है।
- 'मार्सक्वेक' (Marsquake) की यह घटना मंगल ग्रह के अंदरूनी हिस्से के संबंध में ठोस डेटा प्रदान करने में सक्षम नहीं थी क्योंकि यह संकेत बहुत हल्का था।
- मंगल और चंद्रमा में टेक्टोनिक प्लेट नहीं है, किंतु फिर भी कंपन की घटनाएँ होती हैं।
- मंगल और चंद्रमा पर सतह के ठंडा होने और उसके संकुचन के कारण उत्पन्न तनाव की वज़ह से कंपन की घटना होती है।
- सतह पर उत्पन्न यह तनाव समय के साथ मज़बूत होता जाता है और भू-पर्पटी को तोड़ने में सक्षम हो जाता है जिसके परिणामस्वरूप कंपन शुरू होता है।

## फॉर्म INC-22

31 दिसंबर, 2017 को या उससे पहले निगमित कंपनियों को INC-22 फॉर्म में अपने कार्यालय का स्थान, निदेशकों और व्यापार के प्रमाण के बारे में विवरण प्रदान करना आवश्यक होता है।

## ई-वे बिल सिस्टम

हाल ही में वित्त मंत्रालय ने ई-वे बिल प्रणाली में बदलाव किया है, जिसमें ई-वे बिल जनरेट करने हेतु पिन कोड के आधार पर दूरी की स्वतः गणना और एक ही इनवॉइस पर कई बिलों को रोकना भी शामिल है।

- गौरतलब है कि जीएसटी की चोरी करने वालों पर नकेल कसने के लिये ऐसा किया जा रहा है।
- इसके अतिरिक्त दो महीनों तक जीएसटी रिटर्न फाइल न करने वालों को माल के परिवहन हेतु ई-वे बिल जनरेट करने से रोक दिया जाएगा।
- ई-वे बिल, जी.एस.टी. के तहत एक बिल प्रणाली है जिसे  वस्तुओं के हस्तांतरण की स्थिति में जारी किया जाता है।

- इसमें ट्रांसपोर्ट की जाने वाली वस्तुओं का विवरण तथा उस पर लगने वाले जी.एस.टी. की पूरी जानकारी होती है।
- नियम के अनुसार ₹50000 से अधिक मूल्य की वस्तु, जिसका हस्तांतरण 10 किलोमीटर से अधिक दूरी तक किया जाना है, पर इसे आरोपित करना आवश्यक होगा।
- जनता की सुविधा के लिये लिक्विड पेट्रोलियम गैस, खाद्य वस्तुओं, गहने इत्यादि 150 उत्पादों को इससे मुक्त रखा गया है।

---

## डोमखर रॉक आर्ट सैंक्चुरी

यह निचले लद्दाख में डोमखर गाँव में सिंधु नदी के दाहिने किनारे पर एक रॉक आर्ट सैंक्चुरी है।

- इन चट्टानों पर अंकित पुरातन लिपियाँ 2,000 साल पहले मध्य एशिया में रहने वाली खानाबदोश जनजातियों में पाई जाने वाली लिपियों से मेल खाती हैं।
- यह रॉक आर्ट उस युग के दौरान इंसानी आवागमन के पैटर्न पर भी प्रकाश डालती है। इस सैंक्चुरी में जानवरों की आकृतियाँ भी है।

---

## रोगाणुरोधी प्रोटीन

हाल ही में वैज्ञानिकों ने अंडे देने वाली एक स्तनपायी, एकिडना के दूध में एक रोगाणुरोधी प्रोटीन प्राप्त किया है।

> यह प्रोटीन पशुधन पर प्रयुक्त एंटीबायोटिक दवाओं के विकल्प के रूप में काम कर सकता है।

milk

- एकिडना के दूध में पाया जाने वाला यह प्रोटीन बैक्टीरिया की कई प्रजातियों की कोशिका झिल्ली को क्षतिग्रस्त करते हुए संक्रमण के स्रोत को नष्ट कर सकता है।
- प्रोटीन का बड़ी मात्रा में उत्पादन करने के कई तरीके हैं, जैसे- ई. कोलाई बैक्टीरिया का उपयोग।
- वैज्ञानिकों ने पाया कि पशुधन में रोगाणुरोधी प्रतिरोधकों की संख्या बढ़ती जा रही है जिसे रोकने के लिये इस एंटीबायोटिक्स का उपयोग किया जा सकता है।